जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर।

पत्रॉक /जि0वि0से0प्रा0–24, दिनांक– 18.11.2024

प्रेस विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर के आदेश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर में नामिका अधिवक्ता के पद पर नियुक्ति हेतु बार एशोसिएशन सुलतानपुर के अधिवक्ताओं से जिनका कार्य अनुभव तीन वर्ष से कम न हो, से आवदेन पत्र **दिनांक– 23.11.2024 की साय 5:00 बजे तक आमंत्रित** किया जाता है। उक्त पैनल विधिक सेवा एवं परामर्श देने हेतु 03 वर्षों के लिए गठित होगा। आवंटित किये गये मुकदमों में न्यायालय में पैरवी करने हेतु नियमानुसार मानदेय देय होगा। अंतिम तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ बार काउंसिल में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति, अध्यक्ष वार एशोसिएशन सुलतानपुर द्वारा प्रमाणीत अनुभव प्रमाण पत्र तथा स्वयं की रंगीन फोटो संलग्न करके कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर में निर्धारित समय के अन्दर जमा कर सकते हैं।

उक्त के सम्बन्ध में इच्छुक अधिवक्तागण से अपील है वे अपना आवदेन पत्र **दिनांक– 23.11.2024 की साय 5:00 बजे तक** कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर में आवश्यक रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर एवं जिला न्यायालय की वेब साइट से प्राप्त कर सकते है।

भवदीय,

(विजय कुमार गुप्ता)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
सुलतानपुर।
दिनांक–18/11/2024

संलग्नः– आवेदन पत्र का प्रारूप।

पत्रॉक 1363 /जि0वि0से0प्रा0–24, तद् दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नॉकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर।
2. सिस्टम अधिकारी दीवानी न्यायालय सुलतानपुर को इस आशय से पत्र प्रेषित कि जिला न्यायालय की वेब साइट पर अपलोड कराये जाने की कृपा करें।
3. जिला सूचनाधिकारी, सुलतानपुर को समस्त समाचार पत्रों एवं दूरदर्शन तथा आकाशवाणी पर निःशुल्क प्रकाशनार्थ सादर प्रेषित।
4. समस्त, संपादक/संवाददाता दैनिक समाचार पत्र एवं दूरदर्शन तथा आकाशवाणी सुलतानपुर को इस आशय से प्रेषित कि आप अपने अपने समाचार पत्रों तथा दूरदर्शन एवं आकाशवाणी में निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. लिपिक, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर को निर्देशित किया जाता है कि विज्ञापन की सूचना सभी सम्बन्धित सरकारी विभागों जनपद सुलतानपुर एवं तहसील जनपद सुलतानपुर तथा बार एशोसिएसन सुलतानपुर के सूचना पट्ट पर चस्पा किया जाना सुनिश्चित करें।
6. श्रीमान् अध्यक्ष/सचिव संयुक्त बार एसोसिएशन सुलतानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञापन की प्रति को अपने नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

18/11/24

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
सुलतानपुर
दिनांक–18/11/2024

प्रारुप

स्व.
प्रमाणित नवीनतम फोटो

01-नाम अधिवक्ता

02-पिता का नाम

03-स्थायी पता

04-वर्तमान पता (वर्तमान में मुख्यालय/तहसीलों में बैठने का स्थान सहित)

05-दूरभाष/मोवाईल नं०

06-पंजीकरण संख्या एवं दिनांक (03 वर्ष से कम अवधि वाले आवेदन हेतु पात्र नहीं है।) (प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना है।)

07-शैक्षिणिक योग्यता

08-वकालत का क्षेत्र जिसमें विधिक सेवा देना चाहते है, दीवानी, फौजदारी, राजस्व, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, औद्योगिक न्यायाधिकरण आदि।

09-अन्य विवरण यदि हो तों।

दिनांकः

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर